HAMIRPUR POLICE

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

जनपद हमीरपुर **दिनांक 30.05.2026**

आत्महत्या करने जा रही युवती ने सोशल मीडिया पर डाला वीडियो, पुलिस ने संज्ञान लेकर तत्काल मौके पर पहुँचकर कर बचाई जान। उपचार एवं काउंसलिंग के बाद युवती स्वस्थ होकर परिजनों के साथ घर लौटी।

अवगत कराना है कि दिनांक 29.05.2026 को फेसबुक मेटा कंपनी की तरफ से जरिए अलर्ट सूचना प्राप्त हुई कि एक युवती जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने जा रही है। उक्त सूचना एवं आवश्यक डाटा सोशल मीडिया सेल मुख्यालय लखनऊ द्वारा सोशल मीडिया सेल हमीरपुर को उपलब्ध कराया गया।

सूचना प्राप्त होते ही सोशल मीडिया सेल हमीरपुर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए युवती से फोन पर वार्ता कर युवती को विश्वास में लिया गया तथा उसे जीवन के महत्व के बारे में बताते हुए आत्महत्या जैसा कदम न उठाने हेतु समझाया-बुझाया गया। साथ ही सोशल मीडिया सेल द्वारा थाना बिवांर पुलिस को तत्काल सूचित किया गया।

थाना बिवांर से उ0नि0 प्रेमप्रकाश अपने हमराही कर्मचारियों के साथ युवती की मोबाइल लोकेशन के आधार पर मौके पर पहुंचे तथा युवती एवं उसके परिजनों की सहायता से उसे उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत युवती को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर किया गया, जहां से चिकित्सकों द्वारा कानपुर नगर रेफर किया गया। उपचार के दौरान स्वास्थ्य में सुधार होने पर चिकित्सकों ने युवती को खतरे से बाहर एवं सामान्य स्थिति में बताते हुए डिस्चार्ज कर दिया। इसके उपरांत युवती को उसके परिजनों के साथ सकुशल भेज दिया गया।

पूछताछ में युवती द्वारा बताया गया कि पारिवारिक मतभेद के कारण वह अवसाद में आ गई थी और आत्महत्या करने जा रही थी। थाना पुलिस द्वारा युवती की काउंसलिंग कर उसे समझाया-बुझाया गया तथा युवती एवं उसके परिजनों द्वारा भविष्य में ऐसा कदम न उठाने का आश्वासन दिया गया।

हमीरपुर पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी, तनाव अथवा अवसाद की स्थिति में आत्मघाती कदम न उठाएं तथा अपने परिजनों, मित्रों अथवा पुलिस/ प्रशासन से सहायता अवश्य प्राप्त करें।